भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1941** जिसका उत्तर

मंगलवार, **22 सितंबर**, 2020/31 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है

कार्गो यातायात संभलाई पर कोविड-19 का प्रभाव

†1941. **प्रो. अच्युतानंद सामंत :**

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में प्रमुख बंदरगाहों पर संभाले गए कार्गो यातायात का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कार्गो यातायात पूर्व-कोविड-19 स्तरों पर लौट आया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) निकट भविष्य में पेट्रोल, तेल स्नेहक (पीओएल), कंटेनरों और कोयले जैसे विशिष्ट क्षेत्रकों के लिए यातायात वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : महापत्तनों में मार्च, 2020 से कोविड-19 का प्रभाव शुरू हुआ। मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई और अगस्त, 2020 में 2019 के तदनुरूपी महीनों की तुलना में कुल यातायात, कंटेनर यातायात और गैर-कंटेनर यातायात में काफी कमी हुई थी। तथापि, जुलाई 2020 से स्थिति सामान्य होने लगी। महापत्तनों में विगत 9 महीनों में संभाले गए यातायात के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(घ) से (ड़): महापत्तनों में अवसंरचना का विकास और क्षमता संबंधी विस्तार एक सतत प्रक्रिया है। बर्थों का निर्माण, अत्याधुनिक उपकरणों की स्थापना, कार्गो संभलाई प्रणाली का यांत्रीकरण एवं बड़े जलयानों को स्थान प्रदान करने के लिए एवं ड्रेजिंग परियोजनाएं जैसी पत्तन परियोजनाएं महापत्तनों की क्षमता बढ़ाने में तथा पीओएल, कंटेनर और कोयला सहित यातायात को बढ़ाने में सहायक होंगी। महापत्तन संपूर्ण क्षमता एवं कुशलता के साथ प्रचालनरत है।

अनुबंध

महापत्तनों में विगत 9 महीनों के दौरान संभाले गए यातायात के ब्यौरे:

अवधि	माह के दौरान कुल यातायात		कंटेनर यातायात			
	(हजार टनों में)	पिछले वर्ष के संबंध में % में परिवर्तन	(हजार टनों में)	पिछले वर्ष के संबंध में % में परिवर्तन	टीईयू (हजार में)	पिछले वर्ष के संबंध में % में परिवर्तन
दिसंबर'19	60556	5.59	12246	-1.23	833	-1.88
दिसंबर'18	57352		12398		849	
जनवरी'20	61344	1.79	12913	3.84	860	2.14
जनवरी'19	60268		12435		842	
फरवरी'20	57233	4.58	11791	1.24	802	1.01
फरवरी'19	54729		11647		794	
मार्च'20	61120	-5.25	12006	-10.46	790	-12.51
मार्च'19	64510		13408		903	
अप्रैल'20	47422	-21.08	8306	-33.79	542	-36.98
अप्रैल'19	60086		12545		860	
मई'20	45399	-23.25	8497	-34.08	563	-35.58
मई'19	59151		12890		874	
जन'20	49053	-14.64	9549	-22.19	640	-23.63
जन'19	57466		12272		838	
जलाई'20	51454	-13.23	11464	-13.02	751	-15.24
जलाई'19	59300		13180		886	
अगस्त'20	51611	-10.23	11460	-8.79	762	-13.8
अगस्त'19	57494		12565		884	

*****